


हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, सोमवार 15 दिसंबर 2025
बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़


### व्यवसाय में मुनाफा

40 डिसमिल रिवागहन की जमीन पर युवा नरोत्तम निषाद ने गेंदा फूल की खेती कर लगभग 1 लाख रुपए का व्यवसाय करने में सफल रहे। गेंदा फूल की उन्नत वैरायटी की खपत जामगांव आर, बटरेल, पाटन, गुण्डरदेही, उतई, दुर्ग मार्केट में होने लगी, क्षेत्र में विवाह या अन्य कार्यक्रमों में फूलमाला की जरूरत पड़ने पर तरोताजा गेंदा फूल उपलब्ध होने से ग्रामीणों को भी सुविधा हुई।

लगन और आधुनिक तकनीक से बदली तस्वीर, अकताई बना आदर्श ग्राम

# गेंदा फूल और मछली पालन से बदली पंचायत अकताई की तस्वीर, लाखों की आमदनी से सशक्त हुए किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जामगांव आर

जहां चाह हो वहां राह निकल आती है और लगन समर्पण के साथ आगे बढ़ो तो मेहनत रंग लाती है। इस वाक्य को इन दिनों तीन छोटे गांव रिवागहन, चारभाठा, अकताई चरितार्थ कर



रहे है। ग्राम पंचायत अकताई आधुनिक तकनीक से किसानी करने में बड़े बड़े गांवों और किसानों के लिए प्रेरणास्रोत बनकर सामने आया है। गेंदा फूल की खेती, आधुनिक तरीके से मछली पालन हेतु केंद्र सरकार ने किया अक्ताई का चयन। 42 लाख रूपये का काम आयेगा। गत पंचायत चुनाव में एमए राजनीति अंतिम वर्ष की स्वाध्यायी छात्र माधुरी निषाद सरपंच चुनी गई थी।

**14 लाख रु मे 90 प्रतिशत अनुदान लाभान्वित होंगे अकताई के तीन मत्स्य किसानः** केंद्र सरकार की महती योजना धरती आबा ग्राम उत्कर्ष योजना के तहत 75 प्रतिशत आदिवासी आबादी वाले ग्राम अकताई के तीन मत्स्य कृषक जीतराम ठाकुर, दुजराम ठाकुर और डोमेंद्र ठाकुर का चयन हुआ है। मत्स्य विभाग उपसंचालक सीमा चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में विभागीय अधिकारी अकताई पहुंचकर सरपंच माधुरी निषाद से मिलकर जानकारी दी। विदित हो कि उक्त ▶▶ शेष पेज 11 पर

### 30 डिसमिल में बनता है आधुनिक मछली पालन तालाब

वेंडर गोविंद रजक ने बताया कि आधुनिक तकनीक से मछली पालन के लिए 30 डिसमिल जमीन में एक तालाब या आधा एकड़ में दो तालाब का निर्माण किया जा सकता है, शासन द्वारा मापदंड में कार्य किया जाता है, मत्स्य किसानों को किसी प्रकार से परेशानी ना हो पूर्ण तरीके से सजगता बरती जाती है। उन्होंने बताया कि अकताई के तीन किसानों का प्रस्ताव के साथ शासन को भेजी जा चुकी है। किसानों से मिली जानकारी के अनुसार मत्स्य पालन हेतु खेत की प्राथमिक तैयारी हो चुकी है। युवा किसान नरोत्तम निषाद कहते है कि धन और पानी संपन्न किसान धान की खेती के अलावा अन्य खेती पर रुचि ले, कृषि विभाग से संपर्क कर नई नई तकनीक और योजनाओं का लाभ उठाए, आने वाली पीढ़ी को नई तकनीक, नई खेती की विरासत सौंपे।

## खबर संक्षेप

### हिन्दू सम्मेलन का आयोजन 18 को

**गुरूर।** सकल हिन्दू समाज गुरूर द्वारा विशाल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन 18 दिसंबर को आयोजित किया गया है। हिन्दू सम्मेलन सुबह 11 बजे हनुमान मंदिर कला मंच बाजार चौक गुरूर में आयोजित किया गया है। हिन्दू संगठन द्वारा कहा गया है कि सकल हिन्दू समाज द्वारा गुरू घासीदास जयंती के उपलक्ष्य में विशाल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इसमे लोगो को अपने सनातन धर्म के संतो के प्रवचन, आर्शीवचन प्राप्त होगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ सम्मेलन के अंत में प्रसाद वितरण किया जाएगा।

### नाराज पति ने पत्नी की पिटाई कर दी, रिपोर्ट दर्ज

**बालोद।** पत्नी के जल्दी नही उठने से नाराज पति ने पत्नी की पिटाई कर दी। जिसके बाद पत्नी ने पति के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमें पुलिस ने धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम बालोदगहन निवासी अन्नू ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2021 में ग्राम बालोदगहन निवासी जागेश्वर कोर्राम पिता रायसिंग कोर्राम 30 वर्ष से प्रेम विवाह की हुं, वर्तमान में ग्राम बालोदगहन में अपने पति जागेश्वर कोर्राम एवं सास मिथला कोर्राम के साथ सपरिवार रहते हैं, 13 दिसंबर को सुबह करीबन 07 बजे घर पर सोई थी, मेरे पति वेल्डीग काम मे ग्राम भेजा जाना है अभी तक सोई हुई हो कहकर घरेलू बातों को लेकर गाली गलौच करने लगा, जिसे मना करने पर गुस्सा होकर हांथ मुक्का से व घर में रखे डण्डे से मारने लगा, डण्डे से मारने से दाहने हाथ की कलाई भुजा बांये हांथ की उंगली दाहीने आंख के नीचे पीठ एवं दोनो पैरों में चोट आयी है। उसके बाद मैं अपने मायका लोहारपथरा भखारा जाकर अपने पिता भूषण लाल चंदेल, फुल मां सुनैना नागरची को बताकर मैं अपने पिता भूषण लाल चंदेल के साथ घटना की रिपोर्ट करने थाना आई हूं।

### वाहन की ठोकर से चालक हुआ घायल

**बालोद।** मोटर साइकिल के माध्यम से परीक्षा दिलाने जा रहे दो युवको को बोलेरो ने ठोकर मार दी। जिससे मोटर साइकिल सवार दोनों युवक बुरी तरह घायल हो गए। जिसके बाद घायल युवक के भाई ने बोलेरा वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 184 एलकेएस, 125(एं), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम चंदनबिरही निवासी टीकमचंद सोरी ने पुलिस को बताया कि 11 दिसंबर को मेरे छोटे भाई केशव सोरी एवं उसके साथी खुलेश्वर निर्मलकर कक्षा 12वी का अर्धवाषऍक परीक्षा देने ग्राम चंदनबिरही से करीबन 12 बजे घर के मोटर साइकिल सीजी 24 एल 1852 को लेकर ग्राम चंदनबिरही से शासकीय आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक विघालय ग्राम पुरूर जा रहे थे, करीबन 12:30 बजे एनएच–30 मार्ग बड़ा सेन्टर के सामने ग्राम चिटौद पहुचे थे तभी पुरूर तरफ से आ रही बोलेरो वाहन सीजी 06 जीसी 6669 के चालक ने सामने से जोरदार ठोकर मारकर एक्सीडेन्ट कर दिया, जिससे मोटर साइकिल चालक केशव सोरी एवं पीछे बैठे ▶▶ शेष पेज 11 पर

## अपराध

**पुलिस ने शुरू की मामले की जांच**

# धान संग्रहण में 5.59 करोड़ की हेराफेरी प्रभारी अधिकारी पर एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

अधिकारी द्वारा धान संग्रहण में की गई हेराफेरी के खिलाफ उच्च अधिकारी ने संबंधित अधिकारी के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 316(5) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

■ जिला विपणन अधिकारी ने किया रिकॉर्ड और भौतिक सत्यापन

जिला विपणन अधिकारी टिकेन्द्र कुमार राठौर ने पुलिस को बताया कि धान संग्रहण केन्द्र, खाद गोदाम का निरीक्षण, व मिलर्स से धान कस्टम मिलिंग के संबंध में अनुबंध निष्पादित करने का कार्य देखता हूं। मेरे कार्यक्षेत्र मे जगतरा, धोबनपुरी, मालीघोरी, फुण्डाभाठा व खाद गोदाम जगतरा, अर्जुंदा, गुण्डरदेही, गुरुर आता है। ग्राम जगतरा धान संग्रहण केन्द्र का प्रभारी सहायक क्षेत्र अधिकारी राणा रन्ती देव सिंह वर्मा के प्रभार में है। ग्राम जगतरा धान संग्रहण केन्द्र में वर्ष 2024–2025 में भंडारित धान एवं उसके उठाव का कार्यालय के उपलब्ध ऑनलाईन रिकार्ड के आधार पर जांच किये जाने पर मोटा धान 34,657.469 मि.टन पतला धान 37,620.754 मि.टन सरना धान 19,315.714 मि.टन कुल 91,593.937 मि.टन (नौ लाख पन्द्रह हजार नौ सौ उन्चालिस क्विंटल सैंतीस किलो) रखा गया था, जिसमें से क्रेता एवं राईस मिलरो को मोटा धान 33,749.942 मि.टन पतला धान 36,493.385 मि.टन एवं सरना धान 18,929.535 मि.टन कुल 89,172.862 मि.टन प्रदाय किया गया है। शेष धान संग्रहण केन्द्र में मोटा ▶▶ शेष पेज 11 पर



फाइल फोटो

### धान खरीदी केंद्र धोबनपुरी में 4.38 करोड़ की कमी, प्रभारी पर एफआईआर

**बालोद।** धान खरीदी केन्द्र में सूखत मात्रा से अधिक धान की कमी पाई जाने पर संबंधित अधिकारी के खिलाफ उच्च अधिकारी ने रिपोर्ट दर्ज कराया है। जिसमें पुलिस ने धारा 316(5) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जिला विपणन अधिकारी टिकेन्द्र कुमार राठौर ने पुलिस को बताया कि ग्राम धोबनपुरी स्थित धान संग्रहण केन्द्र में वर्ष 2024–2025 में भंडारित धान एवं उसके उठाव का कार्यालय के उपलब्ध ऑनलाईन रिकार्ड के आधार पर जांच किये जाने पर भण्डारित धान की मात्र मोटा धान 18,644.664 मि.टन, पतला धान 11,468.677 मि.टन सरना धान 37,541.256 मि.टन कुल 67,654.597 मि.टन था। क्रेता, राईस मिलरों को प्रदाय मात्र मोटा धान 18,067.157 मि.टन, पतला धान 11,061.659 मि.टन, सरना धान 36,624.336 मि.टन कुल 65,753.152 मि.टन था। इस आधार पर संग्रहण केन्द्र में शेष धान मात्र मोटा धान 577.507 मि.टन, पतला धान 407.018 मि.टन, सरना धान 916.920 मि.टन कुल 1,901.445 मि.टन शेश होना चाहिए, लेकिन भौतिक रूप मे धान शेश नही है, इस प्रकार संग्रहण केन्द्र में कम पाये गये धान कि मात्र मोटा धान 577.507 मि.टन, पतला धान 407.018 मि.टन, सरना धान 916.920 मि.टन, कुल 1,901.445 है। जिसका समर्थन मूल्य की दर के आधार पर मोटा धान 1,32,82,661, पतला धान 94,42,817.60, सरना धान 2,10,89,160.00, कुल 4,38,14,638.60 रुपए होता है। जिससे विभाग, शासन को आर्थिक क्षति हुई है। अंतरिम जॉच में पाया गया की धान संग्रहण केन्द्र धोबनपुरी में कुल 4,38,14,638.60 रू0 राशि के धान की कमी पाई गई है। धोबनपुरी धान संग्रहण केन्द्र प्रभारी क्षेत्र सहायक व्सास नारायण ठाकुर द्वारा धान संग्रहण केन्द्र धोबनपुरी में रखे मोटा धान ▶▶ शेष पेज 11 पर

### किसान के खलिहान से 23 कट्टा धान चोरी


**बालोद।** धान कटाई के बाद सोसायटी में बेचने के लिए बोरे में भरकर रखे 253 कट्टा धान में से 23 कट्टा धान चोर चोरी कर ले गया। किसान द्वारा अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई गई है। जिसमे पुलिस ने धारा 305, 331(4) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। बालोद नयापारा वार्ड क्रमांक 03 निवासी कुंवर सिंह साहू ने पुलिस को बताया कि मेरे पास करीबन डेढ एकड़ कृषि भूमि है। जिसमें धान फसल लगाता हूं इसके अलावा अन्य किसानों के खेत को रेगहा लेकर कास्तकारी करता हूं। इस वर्ष मेरे डेढ एकड़ जमीन में सफेद सरोना, लाल सरोना धान लगाया था उसके अलावा डॉक्टर सत्यप्रकाश अग्रवाल, चेतन साहू, राम अवतार साहू, हेमलाल साहू, फागूराम साहू, प्रेमलाल साहू एवं रमेश साहू के खेत कुल 19 एकड़ जमीन को रेगहा में लेकर सफेद सरोना, लाल सरोना, महेन्द्रा 404 धान लगाया था, फसल पकने के बाद कटाई मिंजाई कर तखतराम साहू के जमीन नयापारा बालोद बाईपास चौंक के पास स्थित है जिसके सामने भाग में काम्प्लेक्स बना है एवं पीछे जमीन में जालीतार का घेरा लगाकर, खलिहान बनाकर शासकीय सोसायटी में बेचने के लिये खुला में एवं 253 कट्टा जुट बोरी व प्लास्टिक बोरी में भरकर तिरपाल से तंबू बनाकर ढककर रखा था। 12 दिसंबर को खलिहान में जाकर मेरे धान कट्टा को गिनती किया तो 23 कट्टा धान बोरी नहीं ▶▶ शेष पेज 11 पर

# कलेक्टोरेट में नौकरी लगाने के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

तीन लोगों ने एक व्यक्ति के खिलाफ नौकरी लगाने के नाम पर लाखो रूपये लेकर धोखाधड़ी करने की शिकायत की है। जिसमें पुलिस ने धारा 318(4) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

पहले प्रार्थी ग्राम मटिया ह तहसील गुण्डरदेही निवासी महेन्द्र कुमार, घनश्याम सिंह जाति सतनामी 46 वर्ष ने पुलिस को बताया है कि आरोपी ग्राम सरेखा तहसील गुण्डरदेही निवासी डोमेन्द्र कुमार पिता प्यारीलाल जाति तेली द्वारा विभिन्न विभागों में अपनी पहचान होने व मेरे जीजाजी रमेश साहू, कलेक्टोरेट बालोद में पदस्थ है तथा उच्च अधिकारियों से उठना–बैठना है कहते हुए हमसे संपर्क कर डाटा एंट्री ऑपरेटर, कम्प्यूटर ऑपरेटर के पद पर नौकरी लगाने की बात कही, हम उनकी बातों पर विश्वास कर तैयार हो गये। तब आरोपी द्वारा कहा गया कि कुछ पैसा लगेगा। जिस पर मुझको बालोद कलेक्टर कार्यालय में डाटा




एंट्री ऑपरेटर के पद हेतु 5.00.000 रूपये में सौदा होने की बात कहा, तब मै 250,000 रूपये नगद 13 मार्च 2024 को 50 रूपये के स्टाम्प पेपर में तहसील कार्यालय गुण्डरदेही में लिखापढ़ी कर प्रदान किया गया तथा ज्वाईनिंग लेटर मिलने के बाद बाकि राशि 250000 रुपये देने की बात हुई थी, 2–3 माह बाद मेरे वाट्सएप्प मोबाईल नंबर में आरोपी डोमेन्द्र कुमार साहू द्वारा फजऍ ज्वाईनिंग लेटर भेजा गया तब मेरे द्वारा पुनः 250000 रुपये दिया गया। इसी प्रकार दूसरे प्रार्थी ग्राम कुलिया तहसील गुरूर निवासी दीपिका कुंभकार पति हरिराम कुंभकार 27 वर्ष ने बताया कि मुझको श्रम विभाग कलेक्टर बालोद में कम्प्यूटर आपरेटर के पद हेतु मुझसे 3,00,000 रूपये में बात हुआ, 18 अप्रैल 2024 को बालोद में 100000 नगद और फोन पे के माध्यम से 20000 राशि ले लिया तथा 18 जुलाई 2025 को 280,000 रूपये लिया तथा बोला कि नगद 02 माह के लिए ले रहा हूं, जिसे मै वापस कर दुंगा करके अपने पिताजी प्यारीलाल आ. दुमनलाल के नाम पर भूमि ग्राम सरेखा स्थित ख.नं 830/1 रकबा 0.24 हे0 भूमि अपनी पिताजी की मौखिक सहमति से 50 रूपये के स्टाम्प पेपर में अपने भाई बंटवारे की प्राप्त भूमि को बाजार भाव से उक्त भूमि को रजिस्ट्री बैनामा कराउंगा कहकर, उक्त रकम 280000 रूपये मेरे पति हरिराम कुंभकार आत्मज रायसिंह ग्राम कुलिया से ले लिया तथा मेरे वाट्सएप्प नंबर पर नौकरी लगने का फजऍ ज्वाईनिंग लेटर स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा गया है कहकर स्पीड पोस्ट ट्रेकिंग नंबर को भेजा गया।

इसी प्रकार तीसरे प्रार्थी ग्राम सियनमरा तहसील गुण्डरदेही निवासी गैंदलाल आ. बंशी जाति तेली ने पुलिस ▶▶ शेष पेज 11 पर

### धान विक्रय के लिए टोकन, समय की बाध्यता समाप्त

**बालोद।** प्रदेश के किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए तूहर टोकन ऐप को अब 24x7 खोल दिया गया है। अब मोबाइल एप से टोकन काटने के लिए किसी निर्धारित समय की बाध्यता नहीं रहेगी। किसान दिन–रात किसी भी समय अपनी सुविधा के अनुसार टोकन बुक कर सकेंगे। अब किसान 13 जनवरी तक अगले 20 दिनों तक के लिए टोकन ले सकते हैं। इससे किसानों को धान विक्रय की योजना बनाने और टोकन प्राप्त करने में पर्याप्त समय मिलेगा तथा भीड़ और तकनीकी दबाव की समस्या से राहत मिलेगी। इसके साथ ही राज्य सरकार द्वारा 2 एकड़ एवं 2 एकड़ से कम रकबा वाले किसान अब 31 जनवरी तक तूहर टोकन ऐप से टोकन ले सकेंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर लघु किसनों के लिए यह सुविधा मुहैया कराई गई है। उल्लेखनीय है कि टोकन प्रत्येक सहकारी समिति को आबंटित सीमा के भीतर ही जारी किए जाएंगे। किसानों से आग्रह है कि वे समय रहते तूहर टोकन ऐप के माध्यम से टोकन प्राप्त ▶▶ शेष पेज 11 पर

# स्काउटिंग एवं सामाजिक सेवा के क्षेत्र में मिलन सिन्हा डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

मैजिक एंड आर्ट यूनिवर्सिटी, फरीदाबाद में आयोजित भव्य अवॉर्ड सेरेमनी में छत्तीसगढ़ के बालोद जिले के डौडी लोहारा निवासी मिलन सिंह सिन्हा को स्काउटिंग, शिक्षा एवं सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान हेतु डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। इस समारोह में मैजिक एंड आर्ट यूनिवर्सिटी के चेयरमैन डॉ. सी. पी. यादव, डॉ. राजेन्द्र सैनी, डॉ. रामावतार शर्मा, डॉ. हरिओम शर्मा एवं डॉ. निरंजन बी.सी. विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

■ स्काउटिंग और सामाजिक सेवा में उत्कृष्ट योगदान दिया

मिलन सिन्हा को यह सम्मान स्काउटिंग के क्षेत्र में 23 वर्षों की सतत सेवाओं के लिए प्रदान किया गया। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय शिविरों में सहभागिता करते हुए छत्तीसगढ़ राज्य का गौरवपूर्ण प्रतिनिधित्व किया। सेजस




विद्यालय, दुधली में संचालित सुभाष दल के यूनिट लीडर के रूप में उनके मार्गदर्शन में 47 स्काउट एवं 43 गाइड, रोवर एवं रेंजर ने राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त किया। उन्होंने स्वच्छता अभियान, सड़क यातायात सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण हेतु वृक्षारोपण, राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सहभागिता, कोविड-19 काल में मास्क वितरण, मोहल्ला कक्षाओं के माध्यम से अध्यापन, स्काउट-गाइड-रोवर-रेंजर को डिजिटल शिक्षा, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक आदान-प्रदान शिविरों में भागीदारी, एडवेंचर इंस्टीट्यूट पचमढ़ी में साहसिक गतिविधियाँ, भीषण गर्मी में प्याऊ घर संचालन, बाल संस्कार शाला का संचालन तथा व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविरों के माध्यम से हजारों युवाओं को जीवन-मूल्य एवं लक्ष्य प्राप्ति की प्रेरणा दी है। इस उपलब्धि पर विद्यालय की प्राचार्य दुर्गेश नंदिनी यादव, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष देव देवांगन, समिति के समस्त सदस्यों एवं विद्यालय परिवार ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। बालोद जिले से श्री मिलन सिन्हा को यह मानद उपाधि प्राप्त ▶▶ शेष पेज 11 पर

# अटल जी स्मृति में श्रीराम ट्रॉफी अखिल भारतीय क्रिकेट टूर्नामेंट आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेई की स्मृति में आयोजित श्रीराम ट्रॉफी अखिल भारतीय क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ आज 15 दिसंबर को प्रातः 11:00 बजे से स्थानीय स्व लाल रघुवीर सिंह स्टेडियम, डौंडी लोहारा में होगा। आयोजन को लेकर सभी तैयारियां

■ क्रिकेट टूर्नामेंट सभी तैयारियां पूर्ण



पूर्ण कर ली गई हैं और स्टेडियम को आकर्षक रूप से सजाया गया है। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता का आयोजन यंग स्पोर्ट्स संस्था, डौंडी लोहारा द्वारा किया जा रहा है। टूर्नामेंट का उद्घाटन मुकाबला महाराष्ट्र बनाम छत्तीसगढ़ इलेवन के बीच खेला जाएगा। प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों की टीमें भाग ले रही हैं, जिससे क्षेत्र में खेल प्रेमियों में खासा उत्साह है।उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में टी. शेखर सिंह कंवर उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा करेंगी।

वहीं विशेष अतिथि के रूप में योगेश कुमार पटेल पुलिस अधीक्षक, बालोद तथा सुनील चंद्रवंशी जिला पंचायत सीईओ बालोद होंगे। आयोजकों द्वारा खिलाड़ियों एवं दर्शकों की सुविधा हेतु सुरक्षा, बैठने, पेयजल सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। यह टूर्नामेंट 21 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा, जिसका फाइनल मुकाबला 21 दिसंबर को खेला जाएगा। इस संबंध में आयोजन संस्था के उपाध्यक्ष जसराज शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं तथा अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की गई है।


जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### शनि शांति महायज्ञ आयोजित



**डोंगरगांव।** ग्राम रूदगांव में डॉ हरेश सोनकर ने हनुमान मंदिर प्रांगण में एक कुंडीय शनि शांति महायज्ञ एवं महा आरती का आयोजन किया। महायज्ञ अखिल विश्व गायत्री परिवार के जिला समन्वयक जयप्रकाश सिन्हा ने संपन्न कराया। उन्होंने गायत्री परिवार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न रचनात्मक एवं सुधारात्मक कार्यक्रमों से श्रद्धालुओं को अवगत कराया। नियमित स्वाध्याय करने एवं नशा से दूर रहने प्रेरित किया। आरती के पश्चात खिचड़ी प्रसाद वितरण किया गया। अंत में डॉ हरेश सोनकर ने आभार व्यक्त किया।

### आचार्यों को आवर्ती प्रशिक्षण



**अर्जुनी।** अर्जुनी संकुल का चतुर्थ आवर्ती प्रशिक्षण आमगांव विद्यालय में शनिवार को संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में सात विद्यालय के 51 आचार्य एवं दीदी सम्मिलित हुए। उद्घाटन जिला समन्वयक पूनमचंद साहू, प्रधानाचार्यो एवं संकुल प्रमुख डामनदास जोशी ने दीप प्रज्जवलित कर किया। जिला समन्वयक ने शिक्षण गुणवत्ता, परीक्षा संबंधी एवं सप्त शक्ति संगम पर विस्तार से चर्चा किया। इस दौरान मोक्ष दायिनी सांकर दहरा का भ्रमण किया गया। भौगोलिक शिक्षण में प्रथम आने वाले ग्रुप को सम्मानित किया गया।

### मुक्तिधाम के सौंदर्यीकरण का प्रस्ताव

**अंबागढ़ चौकी।** नगर पंचायत ने नगर के सभी मुक्तिधाम में मूलभूत सुविधा तथा सौंदर्यीकरण का प्रस्ताव शासन को भेजा है। नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने बताया कि वार्ड एक मेरेगांव, वार्ड 7 कान्हे, शिवनाथ मुक्तिधाम एवं कब्रिस्तान में आहाता, पेयजल सहित अन्य मूलभूत व्यवस्थाओं के विकास का प्रस्ताव भेजा गया है। इसके अलावा ईसाई एवं मुस्लिम समुदाय के कब्रिस्तान के उन्नयन का प्रस्ताव भेजा गया है।

### स्कूल के सामने बिक रहा गांजा, गुटखा

**मुरमुंदा।** ग्राम में संचालित स्कूल के सामने प्रतिबंध होने के बाद भी गांजा और पाउच गुटखा बेचा जा रहा है। यहां एक दुकान बच्चों के भविष्य की अनदेखी कर यह गोरखधंधा कर रहा है जिस पर गांव के जिम्मेदार चुप्पी साधे हुए है। स्कूल के सामने पाउच गुटखा बिकने से बच्चे भी उसका सेवन करने लगे हैं। बच्चों में गुटखा खाने की लत बढ़ने की आशंका को देखते हुए इस पर अंकुश लगाना आवश्यक है। जानकारी के अनुसार यहां गांजा भी बेचा जाता है जिसके सेवन बाद नशेड़ी गाली गलौच करते रहते हैं। यहां शाम के बाद शराबियों का जमावड़ा लग जाता है। मेढा शराब दुकान से शराब लेकर लोग यहां पहुंचते है और चखना सेंटर में बैठकर शराब पीते हैं।

### जर्जर भवन में पढ़ने मजबूर बच्चे

**मुरमुंदा।** ग्राम का प्राथमिक शाला भवन जर्जर हो गया है। शाला के बच्चे जिस हाल में बैठकर खाना खाते है वहां की छत की छड़ बाहर दिखने लगी है। छत के कभी भी गिरने की आशंका है। छत में जहां तहां दरार आ गई है। इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो बड़ी दुर्घटना हो सकती है। ग्रामीणों ने भवन की मरम्मत कराने की मांग की है।

### हिना बनी सब इंजीनियर



**बांधाबाजार।** प्रधानपाठक गंगाप्रसाद धुर्वे एवं जिला पंचायत सभापति शेशवरी धुर्वे की पुत्री हिना धुर्वे का चयन सब इंजीनियर के पद पर लोक निर्माण विभाग में हुआ है। उनकी पदस्थापना केसीजी जिला में हुई है। उन्होंने अपनी शिक्षा शिवा पब्लिक स्कूल भिलाई एवं शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज रायपुर में पूरी की। उसकी सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए ग्रामीणों ने बधाई दी है।

### डॉ. महंत के दीर्घायु होने की कामना



**डोंगरगढ़।** नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत के जन्मदिन के अवसर पर मां बम्लेश्वरी मंदिर में पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने डॉ. महंत के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर शिशुपाल भारती, रामजी तराने, जितेंद्रसिंह भाटिया, मतीन खान, दुलीचंद, भाऊदास मेश्राम, चंदन वैष्णव सहित अन्य उपस्थित थे।

### दिग्विजय सिंह से सौजन्य मुलाकात



**डोंगरगढ़।** कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने दिल्ली प्रवास के दौरान शनिवार को राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर संगठनात्मक एवं समसामयिक विषयों पर चर्चा की। भेंट के दौरान शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार, जिला ग्रामीण अध्यक्ष विपिन यादव, नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले तथा भगवती वर्मा उपस्थित थे।

### भागवत कथा का वाचन 21 तक



**मुरमुंदा।** ग्राम मुड़पार में श्रीमद आदर्श प्रगति मंडल, श्री गणेश उत्सव समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया गया है। कथावाचक मुकुंद महाराज कथा का वाचन कर रहे है। भागवत कथा सुनने बड़ी संख्या में आसपास के ग्रामीण पहुंच रहे हैं। यह कार्यक्रम आगामी 21 दिसंबर तक चलेगा।

**समस्या:** उखड़ी सड़कों का नहीं हो रहा जीर्णोद्धार

# सड़कों का बुरा हाल, लोगों का पैदल चलना हुआ मुहाल

## अंचल में आए दिए हो रही दुर्घटनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

नगर और ग्रामीण अंचल की सड़कों की हालत बेहद दयनीय हो गई है। लोक निर्माण विभाग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना और नगर पंचायत द्वारा निर्मित सड़कों की हालत ख़राब होने से वाहन चलाना जोखिम भरा हो गया है। सड़कों पर दुर्घटना होने का खतरा लगातार बना रहता है।

सड़कों की ख़राब स्थिति के कारण यात्रियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। सफर के दौरान अचानक सामने आने वाले गहरे गड्ढे खतरा बन रहे हैं, वहीं दूसरी ओर टूटी सड़कों से उड़ने वाला धूल का गुबार आँखों और स्वास्थ्य के लिए गंभीर समस्या पैदा कर रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि गाड़ियों में खराबी आना और दुर्घटनाएं होना आम बात हो गई है।



**वैकल्पिक व्यवस्था की मांग**

नागरिकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से सभी क्षतिग्रस्त मार्गों की प्राथमिकता से मरम्मत कराने की अपील की है। नागरिकों का कहना है कि जब तक सड़कों का मरम्मत कार्य शुरू नहीं होता, तब तक नागरिकों की सुरक्षा के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जाए। छोटे गड्ढों में डस्ट या मुरूम डलवा दिया जाए, ताकि सड़कें चलने लायक हो सकें।

**इन मार्गों की हालत ज्यादा खस्ता**

गंडई से पंडरिया पहुंच मार्ग में बीचों-बीच छोटे बड़े गड्ढे हो गए हैं, जिनकी मरम्मत कराना आवश्यक है। गंडई छीराहीडीह मार्ग भी कई जगहों पर जर्जर हो गई है। गंडई से बाईपास ठंडार पहुँच मार्ग लगभग बर्बाद हो चुकी है। आवागमन के लिए यह सड़क काफी खतरनाक हो गई है। गंडई से छुईखदान मार्ग पर सिंचाई विभाग गंडई के सामने का हिस्सा जर्जर हो गया है। पंडरिया- मगरकुंड मार्ग भी पंडरिया से बिरखा तक खराब हो गई है। इसी प्रकार नगर पंचायत के अधीन आने वाले कुछ आंतरिक मार्ग भी अब खराब होने लगे हैं।

## कॉन्फ्लूएंस कॉलेज में विश्व मानवाधिकार दिवस आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कॉन्फ्लूएंस कॉलेज राजनांदगांव की एनएसएस इकाई द्वारा विश्व मानवाधिकार दिवस पर महाविद्यालय परिसर में एक जागरूकता कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना, समाज में समानता, सम्मान और न्याय की भावना विकसित करना तथा युवाओं को अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जिम्मेदार बनाना रहा।

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने मानवाधिकार विषय पर भाषण प्रस्तुत किए। जिनमें मानव गरिमा, समान अवसर, सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक मूल्यों को संरक्षण देने की आवश्यकता पर विशेष बल दिया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने मानवाधिकारों से संबंधित महत्वपूर्ण संदेशों और रचनात्मक अभिव्यक्तियों को आकर्षक रूप से पोस्टर के माध्यम से प्रदर्शित किया।

कार्यक्रम के दौरान एनएसएस प्रभारी प्रो. विजय मानिकपुरी ने कहा कि "मानवाधिकार केवल अधिकारों की बात नहीं करता, बल्कि मानवता, संवेदना और जिम्मेदारी की भावना को जीने की प्रेरणा देता है।" उन्होंने युवाओं को सामाजिक न्याय की स्थापना में सक्रिय भूमिका निभाने और समाज में सकारात्मक परिवर्तन के वाहक बनने का आह्वान किया।

**सबका करें सम्मान**

प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने कहा कि "मानवाधिकारों का संरक्षण तभी संभव है, जब प्रत्येक व्यक्ति दूसरों के अधिकारों का सम्मान करे। शिक्षा ही इसके लिए सबसे प्रभावी माध्यम है।" ऐसे कार्यक्रमों से विद्यार्थियों में संवेदनशीलता और जागरूकता विकसित होती है। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा किया गया तथा विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी निभाते कार्यक्रम को सफल बनाया।

## जिला युकां में नियुक्तियां, अधिकांश को मिली सक्रियता के आधार पर पदोन्नति

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़





जिला युवा कांग्रेस में संगठनात्मक मजबूती के लिए नई नियुक्तियों की घोषणा की गई है। इसमे अधिकांश पदाधिकारी पूर्व में भी युवा कांग्रेस के पदाधिकारी रह चुके हैं जिन्हे पूर्व कार्यकाल में उनकी सक्रियता, निष्ठा और संगठनात्मक योगदान को देखते हुए पुनः दायित्व देकर पदोन्नत किया गया है। छग युकां प्रदेश प्रभारी अमित पठानिया, सह प्रभारी डॉ. मोनिका मंडरे, प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा तथा जिला प्रभारी अपराजित तिवारी की अनुशंसा पर की जिला युंका अध्यक्ष गुलशन तिवारी ने नियुक्ति दी है। इसमें गौकरण जंघेल को दुबारा छुईखदान का ब्लॉक अध्यक्ष बनाया गया है जबकि खैरागढ़ ब्लॉक अध्यक्ष गौकरण वर्मा, गंडई शहर अध्यक्ष अमन सोनी, गंडई ब्लाक अध्यक्ष कन्हैया कुर्रे और साल्हेवारा ब्लाक अध्यक्ष के रूप मे लक्ष्मण विश्वकर्मा को जिम्मेदारी सौंपी गई है इसी प्रकार जिला संगठन मे जिला उपाध्यक्ष चतुर ओगरे, जिला महासचिव अशरफ सिद्दीकी, मनीष साहू, संतू वर्मा सोमलाल वर्मा, और जयंत मनिकपुरी को बनाया गया है वही जिला सचिव के रूप मे अगराहित साहू, दशरथ जंघेल, किशन जंघेल, मुकुत साहू, अनिल विश्वकर्मा, संदीप जंघेल, शाह मेमन, सौरभ साहू, जिला महामंत्री संगठन व प्रशासन का पद संजय जंघेल को दिया गया है।

**निभाएंगे महत्वपूर्ण भूमिका**

युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष गुलशन तिवारी ने कहा कि नवीन नियुक्तियाँ और पुर्ननियुक्तियां सक्रिय, मेहनती और संगठन के प्रति निष्ठावान कार्यकर्ताओं को सम्मान देने का परिणाम हैं। पूर्व पदाधिकारियों की निरंतर सक्रियता के आधार पर उन्हें उच्च दायित्व सौंपकर पदोन्नति दी गई है। उन्होने विश्वास जताया कि सभी पदाधिकारी कांग्रेस की विचारधारा को जन जन तक पहुँचाने और संगठन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## फसल बीमा में फर्जीवाड़ा, दो गिरफ्तार

### खेत में लगा गन्ना, बीमा कराया चना का

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

खेत में केले की फसल लगी होने के बाद चना बोने का झूठा विवरण प्रस्तुत कर फर्जी फसल बीमा कराकर बीमा राशि अंतरित कराने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में अमित वर्मा पिता संतोष वर्मा निवासी मासूल थाना घुमका और परमेश्वर साहू पिता प्रकाश साहू निवासी खूंटा छुरिया शामिल है।

जानकारी के अनुसार पूर्व विधायक छन्नी साहू ने गत 8 सितंबर को शिकायत में बताया था कि ग्राम आमगांव स्थित रैलिस बायो एनर्जी प्रा. लिमिटेड के पार्टनर जय बग्गा, वैभव गोलछा एवं सुदर्शन वर्मा के नाम दर्ज 34 खसरा, लगभग 50 हेक्टेयर से अधिक भूमि पर एक वर्ष से अधिक समय से केले की फसल लगी थी। उक्त भूमि पर वर्ष 2024-25 में चना फसल दर्शाकर फसल बीमा कराया गया तथा बिना फसल कटाई एवं पंचनामा के कृषि विभाग के अधिकारी, पटवारी एवं बीमा एजेंट की कथित मिलीभगत से चना फसल का नुकसान होना बताकर 25 लाख से अधिक की बीमा राशि का भुगतान कराया गया।



**आरोपियों ने जुर्म कबूला**

पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन एएसपी राहुल देव शर्मा, एसडीओपी आशीष कुंजाम के मार्गदर्शन में छुरिया पुलिस ने कार्यवाही करते हुए 13 दिसंबर को आरोपी अमित वर्मा और परमेश्वर साहू की तलाश कर हिरासत में लिया। पूछताछ करने पर दोनों ने अपराध करना स्वीकार किया। आरोपियों को 14 दिसंबर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

**जांच में फर्जीवाड़ा की पुष्टि**

मामले के खुलासे के बाद कलेक्टर ने तहसीलदार विजय कोठारी की अध्यक्षता में पांच सदस्यों का जांच दल गठित किया था। जांच दल द्वारा ने शिकायत के संबंध में संपूर्ण जांच पर अमित वर्मा ब्लॉक कोऑर्डिनेटर भारतीय कृषि बीमा कंपनी एवं सीएससी संचालक परमेश्वर साहू द्वारा कूटरचित दस्तावेज पोर्टल में प्रस्तुत कर एवं फर्जी फसल बीमा कराकर 23 लाख 28 हजार 944 रुपए को परमेश्वर साहू, गंगेश्वरी साहू एवं रुक्मणी कंवर के बैंक खाते में राशि अंतरण करा लेने पाए जाने पर कृषि विभाग द्वारा आरोपियों के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने निर्देश देने दिया था।वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी गौकरण प्रसाद सहाड़े ने घटना के संबंध में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने बाबत लिखित प्रतिवेदन मय दस्तावेज पेश किया था। पुलिस ने आरोपी अमित वर्मा एवं परमेश्वर साहू के विरुद्ध धारा 316 (5), 318 (4), 336 (2), 336 (3), 338, 340 (2), 61 (2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया।

## स्वशासी महाविद्यालयों की समीक्षा बैठक आयोजित

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ राज्य के 11 स्वशासी महाविद्यालयों की समीक्षा बैठक का आयोजन उच्च शिक्षा विभाग के आयुक्त डॉ. संतोष कुमार देवांगन की अध्यक्षता में शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव में किया गया। बैठक में आयुक्त डॉ. देवांगन सभी स्वशासी महाविद्यालयों में सत्र 2025-26 के प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश की स्थिति, क्रेडिट डेटा अपलोड की स्थिति, महाविद्यालयों में कौशल विकास पर आधारित प्रारंभ किए गए सर्टिफिकेट एवं डिप्लोमा कोर्सेस, भारतीय ज्ञान परंपरा पर प्रारंभ किए गए लघु अवधि के पाठ्यक्रम, शोध पारिस्थितिक तंत्र को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किए गए कार्य, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु महाविद्यालय स्तर पर किए गए प्रयास, करिकुलम के अनुसार ई-कटेंट, विद्यार्थियों के इंटर्नशिप इत्यादि विषयों पर गहन समीक्षा की गई। आयुक्त ने पाठ्यक्रम के अनुसार ई-कटेंट तैयार करने, भारतीय ज्ञान परंपरा पर लघु अवधि के पाठ्यक्रम प्रारंभ करने तथा विद्यार्थियों के क्रेडिट डेटा पूर्ण रूप से अपलोड करने हेतु सभी महाविद्यालयों के प्राचार्यों एवं परीक्षा नियंत्रकों को विशेष प्रयास करने हेतु निर्देशित किया। बैठक के पूर्व आयुक्त डॉ. देवांगन ने दिग्विजय महाविद्यालय का भ्रमण कर महाविद्यालय के सेंट्रल लैब तथा लाइब्रेरी का निरीक्षण कर विद्यार्थियों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली।

## योग प्रशिक्षण शिविर में शामिल हुए युवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव



पतंजलि योगपीठ हरिद्वार में आयोजित मुख्य योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर में नगर के पांच युवा शामिल हुए। सभी प्रतिभागी प्रशिक्षण के बाद आयोजित परीक्षा में उत्तीर्ण हुए। पतंजलि योगपीठ वैलनेस फेस 2 हरिद्वार में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में छत्तीसगढ़ के लगभग 150 लोग शामिल हुए जिसमें नगर के डॉ. अतुल गुप्ता, अभिलाष गुप्ता, शशिकांत, रमन नाहटा, श्रेया नाहटा ने शिविर में हिस्सा लिया। प्रथम दिन रामदेव बाबा और आचार्य बालकृष्ण के सानिध्य में स्वामी परमार्थ देव के निर्देशन में योग, आयुर्वेद, प्राकृतिक उपचार, यज्ञ थैरेपी, स्वदेशी जागरण, जीवन के लक्ष्य जैसे विषयों पर विशेषज्ञों में जानकारी दिया। केंद्रीय प्रभारी स्वामी परमार्थ देव ने सभी प्रतिभागियों को योग को गांव-गांव तक पहुंचाने का संकल्प दिलाया। प्रशिक्षण से वापस आने पर सभी प्रतिभागियों का पतंजलि परिवार ने सम्मान किया। यह जानकारी पंचूराम साहू ने दी।

## खैरा में श्रीराम कथा 24 और 25 को



**सुकुलदैहान।** श्री रामायण ट्रस्ट श्रीधाम आयोध्या की अध्यक्ष दीदी मंदाकिनी के सानिध्य में ग्राम खैरा स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण में आगामी 24 एवं 25 दिसम्बर को श्री राम का आयोजन किया गया है। दुर्गा मंदिर प्रांगण में संध्या छह से 8 बजे तक संगीतमय रामकथा का वाचन होगा।

शुभारंभ 24 दिसम्बर को कलश यात्रा के साथ होगा। कलश यात्रा शीतला मंदिर से प्रारंभ होकर प्रमुख स्थानों से गुजरते हुए दुर्गा मंदिर पहुँचेगी। यहां मंदाकिनी दीदी श्रीराम कथा का वाचन करेंगी। आयोजक सिन्हा परिवार के गोपाल राम सिन्हा ने धर्मानुरागियों से शामिल होने का आव्हान किया है।

**नगर पंचायत प्रशासन की पहल**

# कब्रिस्तान एवं खेल मैदान की सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

रविवार को नगरीय निकाय कर्मचारियों ने स्वच्छता अभियान अंतर्गत वार्ड 4 स्थित कब्रिस्तान में अभियान चला कर सफाई किया। जिले में एक मात्र इसाई समाज का कब्रिस्तान वार्ड 4 में स्थित है। सालों से देखरेख नहीं होने से कब्रिस्तान में खरपतवार एवं पेड़ पौधे उग आए थे। कब्रिस्तान के उपयोग के समय समुदाय विशेष के साथ स्थानीय नागरिकों को आवागमन और ठहरने में काफी मुश्किलों का सामना करना पडता था। गुरूवार को जब बाजार भर्रीटोला निवासी एक व्यक्ति का अंतिम संस्कार कब्रिस्तान में किया जहां था तब शामिल होने पहुंचे नगर पंचायत अध्यक्ष को यहां की समस्या नजर आई। अध्यक्ष ने समस्या को संज्ञान लेते हुए रविवार को मौके में खड़े होकर सफाई कराया।



**मैदान में दूसरी बार श्रमदान**


नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी के मार्गदर्शन में स्वच्छता मित्रों एवं स्वच्छता दीदियो ने शनिवार को मैदान में दूसरी बार श्रमदान किया। प्रत्येक सप्ताह शनिवार को श्रमदान के तहत कर्मचारियों द्वारा प्रातः 9 से 11 बजे तक मैदान से कंकड पत्थर हटाए और सफाई किया। मैदान के गढढो को भरा गया। इस मुहिम में उपयंत्री योगेश्वरसिंह ठाकुर, लोकेश सलामे, रामसाय पटेल, मुकेश पटेल, सुनील कोमरे सहित अन्य शामिल हुए।

## कॉलेज में मनाया मानवाधिकार दिवस



**जालबांधा।** स्थानीय नवीन महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ ओपी गुप्ता के मार्गदर्शन और वाणिज्य विभागाध्यक्ष संजय देवांगन के निर्देशन में विश्व मानवाधिकार दिवस मनाया गया। प्रारंभ में डॉ. गुप्ता ने विद्यार्थियों को बताया कि दुनिया भर में हर एक व्यक्ति के जन्मसिद्ध अधिकारों की अहमियत को उजागर करने के लिए मानवाधिकार दिवस मनाया जाता है। मानवाधिकार सभी के लिए समानता, स्वतंत्रता और गरिमा सुनिश्चित करता है। जयप्रकाश साहू ने कहा कि सभी मनुष्यों को बिना किसी भेदभाव के अधिकार प्राप्त है। संचालन डॉ नवीन सिंह राजपूत ने किया। इस दौरान रविप्रकाश चतुर्वेदी, रितेश बंजारे, पूजा देवांगन, मासूम वर्मा, अंजली रामटेक्कर, नेमू साहू, डॉ. साधना वर्मा, शिवम वैष्णव, वासु दुबे एवं अश्विन गौतम मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### राज्य स्तरीय बेंच प्रेस प्रतियोगिता आज

**दुर्ग।** दुर्ग जिला पॉवरलिफ्टिंग संघ एवं क्रीड़ा भारती द्वारा छत्तीसगढ़ पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय बेंचप्रेस प्रतियोगिता का आयोजन 14 दिसंबर को बीआईटी कॉलेज दुर्ग में सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक किया गया है। इसमें सब-जूनियर, जूनियर, सीनियर और मास्टर्स वर्ग के पुरुष एवं महिला खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।

आयोजकों के अनुसार सब-जूनियर और जूनियर बालक वर्ग में 53 से लेकर 120 प्लस किलोग्राम तक, जबकि बालिका वर्ग में 43 से लेकर 84 प्लस किलोग्राम तक की वजन श्रेणियां निर्धारित की गई हैं। सीनियर और मास्टर्स वर्ग के लिए भी अलग-अलग वजन और आयु वर्ग तय किए गए हैं। प्रतियोगिता में प्रत्येक वर्ग के विजेताओं को मेडल और प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे। वहीं बेस्ट लिफ्टर को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों का चयन आगामी 7 से 12 जनवरी 2026 के बीच हरियाणा में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय बेंचप्रेस प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा।

### भिलाई इस्पात संयंत्र के यूआरएम विभाग में हिंदी कार्यशाला आयोजित



**भिलाई।** बीएसपी के यूनिवर्सल रेल मिल विभाग के सभागार में महाप्रबंधक प्रभारी विशाल गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में 11 दिसंबर को राजभाषा कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में महाप्रबंधक एवं विभागीय राजभाषा समन्वय अधिकारी संतोष कुमार ओसवाल, महाप्रबंधक इलियास अहमद, महाप्रबंधक विश्वनाथ मुखर्जी, महाप्रबंधक अजय कुमार, महाप्रबंधक पंकज कुरील, सहायक महाप्रबंधक नामदेव दुफारे तथा अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

गुप्ता ने कहा कि यूनिवर्सल रेल मिल में समस्त एसओपी एवं एसएमपी हिंदी में बनाए गए हैं। बैठकों की कार्यवाही तथा समस्त वार्तालाप हिंदी में ही किए जाते हैं, साथ ही नोटशीट भी हिंदी में ही बनाए जा रहे हैं। हिंदी में संपूर्ण कार्यालयीन कार्य करने के लिए हम पूर्ण प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने प्रतियोगिता के सभी पुरस्कार विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि वे कामकाज में राजभाषा का शत-प्रतिशत प्रयोग करें। संतोष कुमार ओसवाल ने विभाग में हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिये किए जा रहे कार्यक्रम में राजभाषा विभाग द्वारा सामान्य ज्ञान पर आधारित रोचक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें संतोष कुमार ओसवाल, अजय कुमार, विश्वनाथ मुखर्जी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार जीता। पंकज कुरील, इलियास अहमद, ओमप्रकाश पटेल, चार्जमेन ने प्रोत्साहन पुरस्कार प्राप्त किया।

### वार्ड 29 में असामाजिक तत्वों का डेरा और कचरा अव्यवस्था से बिगड़े हालात

# वृंदा नगर में जल संकट के हालात, नालियों के अतिक्रमण ने वार्ड में बढ़ाई मुश्किलें

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

वार्ड परिक्रमा

वार्ड 29 में बुनियादी समस्याएं लगातार गहराती जा रही हैं। सबसे बड़ी परेशानी पानी और असामाजिक तत्वों की है। कई इलाकों में नियमित जलापूर्ति नहीं हो पा रही, जिससे लोगों को रोजमर्रा की जरुरतों के लिए जूझना पड़ रहा है। वहीं असामाजिक तत्वों के कारण लोग अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

वृंदानगर वार्ड की आबादी करीब 11 हजार लोगों की है। इस वार्ड में लोगों के घरों में नल लगे हुए है, लेकिन पानी काफी धीमी गति से आता है। कुछ जगहों पर लोगों ने पाइप लाइन ही काट दी है, जिससे आगे पानी नहीं पहुंच पाता। स्थानीय लोगों का कहना है कि वार्ड में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा भी बढ़ता जा रहा है। शाम होते ही कुछ जगहों पर माहौल असुरक्षित हो जाता है, जिससे महिलाओं और बुजुर्गों को खास दिक्कत होती है। इसके साथ ही नालियों पर अतिक्रमण एक गंभीर समस्या बन चुका है। कई जगहों पर नालियां ढकी हुई हैं या उन पर कब्जा कर लिया गया है। नतीजा यह है कि सफाई ठीक से नहीं हो पाती और गंदगी जमा रहती है। बरसात के दिनों में जलभराव और बदबू से हालात और खराब हो जाते हैं। वार्डवासियों का कहना है कि उन्होंने कई बार संबंधित विभाग और जनप्रतिनिधियों को शिकायत दी, लेकिन ठोस कार्रवाई अब तक नहीं हुई। लोगों ने असामाजिक तत्वों पर सख्त कार्रवाई, पुलिस पेट्रोलिंग और नालियों से अतिक्रमण हटाने की मांग की है। इस वार्ड में चार सार्वनिक शौचालय है। इसकी नियमित सफाई हो हा रही है लेकिन सिर्फ बाहरी। शौचालयों के अंदर काफी गंदगी है। कुछ शौचालय में नल की टोटी नहीं होने के चलते दिन भर

### गंदी जगहों पर सूअरों का डेरा







### स्कूल और दशहरा मैदान के सामने कचरा डंप, सूअरों का आतंक

वृंदानगर वार्ड में कचरा प्रबंधन की अव्यवस्था भी एक समस्या है। पहले वार्ड में 4 से 5 अलग-अलग स्थानों पर कचरा डंप किया जाता था, लेकिन अब यह सारा कचरा शासकीय माध्यम स्कूल और दशहरा मैदान के ठीक सामने डाला जा रहा है। इस जगह पर दिनभर सूअरों का झूंड जमा रहता है। सूअरों की संख्या इतनी अधिक है कि राहगीरों, स्कूल जाने वाले बच्चे और मैदान में खेलने आने वाले लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। कई बार सूअर अचानक सड़क पर आ जाते हैं, जिससे हादसे का खतरा भी बना रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि खुले में कचरा डंप होने के कारण बदबू फैलती रहती है। गंदगी और दुर्गंध से आसपास के घरों में रहना मुश्किल हो गया है। सबसे चिंता की बात यह है कि यह कचरा डंप स्कूल के सामने है, जहां रोज छोटे बच्चे पढ़ने आते हैं। इससे बीमारियों का खतरा भी बढ़ रहा है। दशहरा मैदान के सामने कचरा डंप होने से इस क्षेत्र की सुंदरता पर भी सीधा असर पड़ा है।

### दशहरा ग्राउंड बना असामाजिक तत्वों का डेरा



वृंदानगर वार्ड स्थित दशहरा मैदान इन दिनों असामाजिक तत्वों का अड्डा बना हुआ है। स्थानीय निवासी रोहित राय ने बताया कि मैदान में रौशनी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण शाम ढलते ही यहां शराब और गांजा जैसे नशे का सेवन शुरू हो जाता है। मैदान के चारों ओर शराब की टूटी बोतलें और डिस्पोजल ग्लास बिखरे पड़े रहते हैं। इसके चलते सुबह और दिन के समय मैदान में आने वाले लोग घायल हो रहे हैं। बच्चों और बुजुर्गों के लिए यह मैदान अब सुरक्षित नहीं रह गया है। रोहित राय ने यह भी बताया कि मैदान में लगी ग्रील कई जगहों से टूट चुकी है, जिससे असामाजिक तत्वों को अंदर आने में आसानी हो जाती है। लंबे समय से मैदान की देखरेख नहीं होने के कारण हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। स्थानीय लोगों की मांग है कि मैदान में पर्याप्त रौशनी की व्यवस्था की जाए, टूटी ग्रील की मरम्मत हो और नियमित सफाई के साथ पुलिस गश्त बढ़ाई जाए। साथ ही मैदान का उचित संधारण किया जाए, ताकि यह फिर से आम लोगों और बच्चों के उपयोग के लिए सुरक्षित बन सके।

### विस्थापित लोगों ने जमीन पर कर लिया पुनः अतिक्रमण



पूर्व पार्षद दिवाकर भारती ने बताया कि घासीदास नगर में बड़ा नाला निर्माण का प्रस्ताव कई बार पारित हुआ था। वहां के अवैध कब्जाधारियों के जमीन को अधिग्रहण करते हुए नगर निगम ने लोगों को वाम्बे आवास में शिफ्ट करवाया था, लेकिन नाला नहीं बनने के चलते वाम्बे आवास के लोग वापस पुरानी जगह आकर बस गए। यहां बड़ा नाला बनना अति आवश्यक है। बरसात के दिनों में लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। नाली का पानी घरों में घुस जाता है। यहां अवैध कब्जे के कारण साफ सफाई भी नहीं हो पाती। नगर निगम को इस पर कार्रवाई करते हुए नाला का निर्माण कराना चाहिए।

### अतिक्रमण पर निरीक्षण के बाद होगी कार्रवाई

दशहरा मैदान में रोशनी की कमी है। हाईमास्ट लगाने की आवश्यकता है। जहां तक नालियों पर अवैध कब्जे की बात है तो निरीक्षण के बाद कार्रवाई की जाएगी। कुछ जगह पर सड़के जर्जर है और नालियां भी टूटी हुई है। सड़क डमरीकरण व नाली के लिए कोई राशि स्वीकृत नहीं की गई है। कचरा डंप करने के स्थान को परिवर्तन किया जाएगा, जिससे लोगों को असुविधा न हो।

संजय सिंह, पार्षद वार्ड 29 वृंदानगर, भिलाई

## पीएम आवास योजना की कमिश्नर ने की समीक्षा



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगर निगम कमिश्नर सुमित कुमार अग्रवाल ने प्रधानमंत्री आवास योजना के संबंध में समीक्षा बैठक ली। बैठक के दौरान कमिश्नर ने अधिकारियों, कर्मचारियों एवं संबंधित एजेंसियों की कार्यप्रगति का गहन मूल्यांकन करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए। कमिश्नर ने बीएलसी तथा एएचपी घटक के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रगति की समीक्षा की और सभी एजेंसियों को कहा कि इस माह के अंत तक कार्यप्रगति में सुधार लाएँ तथा योजना के अनुरूप कार्यों में तेजी लाकर उन्हें समय पर पूर्ण करें।

■ अधिकारी-कर्मचारियों को दिए निर्देश

इसके साथ ही अधिकारियों व कर्मचारियों को डेली फॉलो-अप करने के निर्देश दिए, ताकि आवास निर्माण एवं अनुमोदन कार्य में किसी भी प्रकार की देरी न हो। सरस्वती नगर फ्लैट के संबंध में भी महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। कमिश्नर ने कहा कि निर्धारित अवधि में हर हाल में सरस्वती नगर साइट का कार्य पूरा कराया जाए, ताकि पात्र हितग्राहियों को जल्द से जल्द फ्लैट में शिफ्ट कराया जा सके। बैठक में नोडल अधिकारी, सब-नोडल राजेश ठाकुर, इंजीनियर हरिशंकर साहू, समस्त सीएलटीसी एक्सपर्ट और एजेंसियों के कर्मचारी उपस्थित थे।

## संगम मित्रों का में भिलाई-दुर्ग के प्रतिनिधि होंगे शामिल

**भिलाई।** रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3261 के प्रांतपाल अमित जायसवाल के नेतृत्व में आगामी 20-21 दिसम्बर को रायपुर में संगम मित्रों का/" रोटरी डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन में छग विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, राज्यसभा सांसद रोटे विवेक तन्खा (पूर्व प्रांतपाल), भारत के विभिन्न राज्यों के सभी रोटरी क्लब के पदाधिकारीगण, नए सदस्यों के साथ मप्र,छत्तीसगढ़ एवं ओडिशा के सभी पूर्व प्रांतपाल और वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल होंगे। यह वार्षिक आयोजन रोटरी सदस्यों के आपसी मेलजोल, सामाजिक गतिविधियों को गतिशील बनाने और संस्करधानी के आर्थिक विकास की दृष्टिकोण से एक महत्वपूर्ण आयोजन होगा। भिलाई और दुर्ग के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। यह जानकारी नितिन जैन ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इसे लेकर बैठकें की जा रही है।

## लोक अदालत में 10.03 लाख प्रकरणों का निराकरण, 57.22 करोड़ का अवार्ड पारित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में जिला न्यायालय एवं तहसील व्यवहार न्यायालय में साल का अंतिम नेशनल लोक अदालत शनिवार को आयोजित किया गया।

■ सुलह से लंबित प्रकरणों का किया गया प्रकरण

जिला न्यायालय, कुटुम्ब न्यायालय, व्यवहार न्यायालय भिलाई-3, पाटन, धमधा, किशोर न्याय बोर्ड, श्रम न्यायालय, स्थायी लोक अदालत, राजस्व न्यायालय एवं उपभोक्ता फोरम से जुड़े प्रकरणों को विचारण के लिए रखा गया, जिसमें सारे प्रकरण आपसी सुलह से निपटाए गए। जानकारी के मुताबिक करीब 10.03 लाख प्रकरणों का निराकरण किया गया। वहीं 57.22 करोड़ रुपए का अवार्ड पारित हुआ।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश के विनोद कुजूर ने न्यायिक भ्रात्व की भावना को प्रमुखता देते हुए सजल जैन व्यवहार न्यायाधीश से दीप प्रज्जवल कर लोक अदालत की शुरुआत की गई। लोक अदालत के लिए 32 खण्डपीठ का गठन किया गया था। राजीनामा योग्य दाण्डिक, सिविल, परिवार, मोटर दुर्घटना दावा से संबंधित प्रकरण रखे गये। उनका निराकरण न्यायालय में सौहार्दपूर्ण तरीके से समझौते के आधार पर किया गया।

इस अवसर पर जिला ब्लड सेंटर, रेडक्रॉस सोसाइटी, जीवनदीप समिति, जिला चिकित्सालय के सहयोग से मोबाइल ब्लड कलेक्शन वेन के माध्यम से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। गुरुद्वारा शहीद बाबादीप सिंह व गुरुसिंह सभा गुरुद्वारा के सहयोग से न्यायालय परिसर में निः शुल्क भोजन की व्यवस्था की गई। जेल उत्पाद की प्रदर्शनी भी लगाई गई।

लोक अदालत में कुल 21610 न्यायालयीन प्रकरण तथा कुल 982276 प्री-लिटिगेशन प्रकरण निराकृत हुए, जिनमें कुल समझौता राशि 572225744 रुपए रहा। इनमें बैंक के प्रीलिटिगेशन के कुल 18, विद्युत के कुल 281 एवं दूरभाष के 83 मामले निराकृत हुए जिनमें कुल समझौता राशि लगभग 4138480 रही। इसी क्रम में लंबित निराकृत हुए प्रकरण में 492 दाण्डिक प्रकरण, क्लेम के 75 प्रकरण, पारिवारिक मामले के 163 चेक अनादरण के 296 मामले, व्यवहार वाद के 53 मामले, श्रम न्यायालय के कुल 08 मामले तथा स्थायी लोक अदालत के कुल 7789 मामलें निराकृत हुए।

## दुर्ग सेक्टर बास्केटबॉल में गर्ल्स कॉलेज विजेता, मिला सम्मान

**भिलाई।** उच्च शिक्षा विभाग छग शासन और हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के तत्वावधान में जीडी रूंगटा कॉलेज ऑफ साइंस एवं टेक्नोलॉजी भिलाई द्वारा दुर्ग सेक्टर स्तरीय महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता 2025 का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में रूंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी भिलाई के चांसलर संतोष रूंगटा, एग्जेक्युटिव डायरेक्टर महेंद्र श्रीवास्तव, स्कूल ऑफ मैनेजमेंट एन्ड कॉमर्स डायरेक्टर डॉ मनोज वर्गीस, स्कूल ऑफ बेसिक एन्ड एप्लाइड साइंस डॉ नीमा बालन, डिप्टी रजिस्ट्रार प्रकाश वाहने, डीन ईसीएस डॉ सत्यधर्म भारती, पर्यवेक्षक अर्चना षड़ंगी, क्रीड़ाधिकारी लक्ष्मेंद्र कुलदीप, यशवंत देशमुख, ऋतु दुबे, भुनेश्वर साहू, लाडली खिलाड़ी, टीम मैनेजर खुशबू साहू, मीता देवांगन, रोहित सहित प्रतिभागी व आयोजक महाविद्यालय के स्टॉफ मौजूद रहे। आयोजन सचिव डॉ अमित श्रीवास्तव ने बताया कि सेक्टर स्तरीय महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता रूंगटा यूनिवर्सिटी भिलाई कैम्पस में आजोजित की गई थी जिसमें 7 महाविद्यालयों ने हिस्सा लिया।

## दीक्षांत समारोह में 635 विद्यार्थियों को दी गई डिग्री, शिक्षा ही राष्ट्र निर्माण की आधारशिला



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

भारती विश्वविद्यालय द्वारा प्रथम दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गय। कार्यक्रम में कुल 635 शोधार्थियों को उपाधि प्रदान की गई। मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा थे। मुख्य अतिथि द्वारा विश्वविद्यालय की वार्षिक पत्रिका, लोगों, विश्वविद्यालय ध्वज एवं कुलगीत का विधिवत अनावरण किया गया, जो विश्वविद्यालय की पहचान, मूल्यों एवं भावी दृष्टि को प्रतिबिंबित करता है।

समारोह का आरंभ राष्ट्र गान, राज्य गीत और विश्वविद्यालय के कुलगीत के गायन सहित मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. व्हीके गोयल अध्यक्ष छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय नियामक आयोग थे। वहीं रजनी बघेल, सुरेंद्र कौशिक जिला भाजपा अध्यक्ष, होलिस्टीक फाउन्डेशन की चेयर परसन दिशा चंद्राकर सहित अनेक शिक्षाविद्, प्रशासनिक अधिकारी एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय से अध्ययन पूर्ण कर चुके विद्यार्थियों को औपचारिक रूप से उपाधियां प्रदान की गईं। 85 शोधार्थियों को पीएच.डी., 215 विद्यार्थियों को स्नातकोत्तर तथा 335 विद्यार्थियों को स्नातक उपाधियां प्रदान करते कुलपति डॉ. प्रोफेसर बी एन तिवारी द्वारा उन्हें राष्ट्र एवं समाज की सेवा के लिए अग्रसित होने प्रेरित की गई। समारोह के दौरान शिक्षा विशेषकर शोध एवं सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए विश्वविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. आरपी अग्रवाल को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि टंकराम वर्मा ने कहा कि शिक्षा ही राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। भारती विश्वविद्यालय ने अल्प समय में जिस प्रकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, शोध एवं नवाचार के क्षेत्र में प्रगति की है, वह प्रशंसनीय है। यह विश्वविद्यालय भविष्य में छत्तीसगढ़ ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान बनाएगा।

पेज 9 के शेष

### धान संग्रहण में 5.59 ...

धान 907.527 मि.टन, पतला धान 1,127.369 मि.टनएवं सरना धान 386.179 मि.टन कुल 2,421.075 मि.टन (चौबीस हजार दो सौ दस क्विंटल, पचहत्तर किलो ग्राम) धान संग्रहण केन्द्र जगतरा मे पाया जाना था। धान संग्रहण केन्द्र जगतरा का निरीक्षण के दौरान ऑन लाईन रिकार्ड को चेक करने पर मोटा धान 907.527 मि.टन पतला धान 1,127.369 मि.टन सरना धान 386.179 मि.टन कुल 2,421.075 मि.टन (चौबीस हजार दो सौ दस क्विटल, पचहत्तर किलो ग्राम) कमी पाई गई है। जिसका मुल्य समर्थन मुल्य मोटा एवं सरना धान प्रति क्विंटल 2300 रुपये, एवं पतला धान 2320 रुपये के हिसाब से कुल कीमती 5,59,10,198.80 रुपये (पांच करोड उन्सठ लाख दस हजार एक सौ अठान्ये रुपये अस्सी पैसा) कमी पाई गई है। जगतरा धान संग्रहण केन्द्र प्रभारी क्षेत्र सहायक राणा रन्ती देव सिंह वर्मा द्वारा धान संग्रहण केन्द्र जगतरा में रखे मोटा धान 907.527. पतला धान 1,127.369, सरना धान 386.179, कुल 2,421.075 मिटन धान कीमती 5.59.10.198.80 रुपये को हेराफेरी कर शासन को क्षति पहुंचाया है।

### किसान के खलिहान से ...

था, जिसकी कीमत लगभग 30,000 रूपये का था। कोई अज्ञात चोर 11 दिसंबर के रात्रि 10 बजे से 12 दिसंबर के प्रातः 06 बजे के मध्य कोठार अंदर घुसकर मेरे कोठार में रखे 23 कट्टा धान बोरी को चोरी कर ले गया है।

### धान खरीदी केंद्र धोबनपुरी ...

1,32,82,661.00, पतला धान 94,42,817.60, सरना धान 2,10,89,160.00, कुल 4,38, 14,638.60 रुपये को हेराफेरी कर शासन को क्षति पहुंचाया है।

### कलेक्टर में नौकरी लगाने ...

को बताया कि मेरी पुत्री को नौकरी लगाने के नाम पर 08 जनवरी 2025 को 150000 रूपये नगद लिया एवं 12 मार्च 2025 को 50000 रुपया फोन पे के माध्यम से लिया गया। नौकरी नही लगने पर पैसा वापस करने के नाम पर मुझे आरोपी डोमेन्द्र कुमार द्वारा 200000 रुपया का चेक दिया था। तीनो प्रार्थीयो ने कहा कि आरोपी डोमेन्द्र कुमार द्वारा ज्वाईनिंग लेटर दूंगा करके हम सभी से कहा गया और नौकरी नहीं लगने पर सभी को पैसा वापस करूंगा कहा, लेकिन आज दिनांक तक किसी भी आवेदकगण को नौकरी नहीं लगाया और न ही किसी भी आवेदकगण को रकम वापस किया है। जब हम आवेदकगण द्वारा आरोपी से संपर्क करते हैं तो उसका फोन बंद आता है। आरोपी का उक्त सभी नंबर बंद आता है तथा वह ग्राम सरेखा से पिछले 03 माह से फरार है।

### धान विक्रय के लिए ...

करें और किसी भी असुविधा से बचें। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा किसानों की सुविधा और पारदर्शी व्यवस्था हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। तूहर टोकन ऐप को 24x7 खोलने और समय की बाध्यता समाप्त करने का निर्णय इसी सोच का परिणाम है। अब किसान बिना किसी दबाव के, अपनी सुविधा अनुसार टोकन बुक कर सकेंगे। 2 एकड़ एवं 2 एकड़ से कम रकबा वाले किसानों के लिये टोकन की अतिरिक्त समय सीमा और अवधि का विस्तार किसानों को वास्तविक राहत देगा।

### स्काउटिंग एवं सामाजिक ....

होने पर जिले का नाम गौरवान्वित हुआ है। इस अवसर पर भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ बालोद के जिला मुख्य आयुक्त राकेश यादव, जिला आयुक्त मधुलिका तिवारी, सहायक जिला आयुक्त हिमांशु मिश्रा, जिला आयुक्तदुर्गेश नंदिनी यादव, जिला सचिव के. एल. गजेन्द्र, जिला संयुक्त सचिव मधुमाला कौशल, जिला संगठन आयुक्त नेमसिंह साहू, जिला संगठन आयुक्त प्रेमलता चंद्राकर, जिला प्रशिक्षण आयुक्त भुवन सिन्हा, जिला प्रशिक्षण आयुक्त सीमा साहू, विकासखंड सचिव चंद्रशेखर दिल्लीवर, वरिष्ठ स्काउटर वाई पी गांगुली, भोला राम साहू सहित समस्त स्काउट-गाइड परिवार ने हर्ष व्यक्त किया।

### वाहन की ठोकर ...

खुलेश्वर निर्मलकर मोटर साइकिल सहित रोड़ पर गिर गये एक्सीडेन्ट होने से मोटर साइकिल चालक केशव सोरी के दाहीना पैर एवं खुलेश्वलर निर्मलकर के दाहीने पैर में चोटे आई है व मोटर साइकिल क्षतिग्रस्त हो गया है।

### गेंदा फूल और मछली पालन से ...

योजना के तहत आधुनिक तरीके से मछली पालन हेतु एक किसान को 14 लाख रुपए मिलता है, जिसमें 90 प्रतिशत अनुदान होता है, उल्लेखनीय है के केंद्र सरकार द्वारा इस योजना के तहत पाटन ब्लॉक में मात्र अकताई का चयन हुआ है। इस अवसर पर सरपंच ग्राम पंचायत सरपंच माधुरी निषाद, उप सरपंच दीपा मारकंडे, पंच बुधियारिन बाई ठाकुर, पीतांबर मारकंडे, अलक राम मारकंडे, नरोत्तम निषाद, विष्णु राम साहू, दिनेश चंद्राकर, रोजगार सहायक योगेश ठाकुर, भृत्य शंकर साहू, सचिव कामता पटेल लाभ के लिए आगे आए जीत राम ठाकुर दो ग्राम ठाकुर डोमेन्द्र ठाकुर किसान उपस्थित रहे।

## संगीत महाविद्यालय में पारंपरिक वेशभूषाओं में दी परीक्षा, सुर-ताल ज्ञान को भी जांचा

**दुर्ग।** संगीत महाविद्यालयमें इस सत्र से प्रथम सेमेस्टर में राष्ट्रीय शिक्षा नीति का क्रियान्वयन के अंतर्गत संगीतनृत्य विषयों की प्रायोगिक परीक्षाओं का आयोजन किया गया। परीक्षा में छात्र-छात्राओं ने पूर्ण उत्साह के साथ भाग लिया और अपने विषयों की पारंपरिक पोशाक में उपस्थित होकर परीक्षा दी। लोक संगीत के छात्र छात्राओं ने गायन-वादन- नर्तन के साथ सुआ नृत्य, राउत, नाचा जैसी छत्तीसगढ़ी लोक शैलियों का सुंदर प्रदर्शन किया। उनके इतिहास, वेशभूषा पर प्रश्न पूछे गए। भारतनाट्यम के विद्यार्थियों ने आकर्षक पोशाक, मेकअप तथा आभूषणों के साथ प्रस्तुति दी। कौशल उन्नयन के अंतर्गत इसके आहार्य पर दक्षता परीक्षा ली गई । परीक्षा में अड़वु अभ्यास, ताल (आरंभिक ताल ज्ञान) की बेसिक समझ की भी जांच की गई। वहीं हिंदुस्तानी शास्त्रीय गायन में छात्र छात्राओं ने स्वर राग और ताल पर अपनी परीक्षा दी ।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

